Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 26-04-2007

Participants : Pateriya Smt. Neeta

Title: Need for gauge conversion of existing narrow gauge railway line on Seoni-Chhindwara Section in Madhya Pradesh.

श्रीमती नीता पटैरिया (सिवनी) :महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र सिवनी मध्य प्रदेश की ओर दिलाना चाहती हूँ । सिवनी तथा छिंदवाड़ा के बीच लगभग 57 किलोमीटर की छोटी रेल लाइन है यह क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है । छोटी रेल लाईन के कारण यातायात में बड़ी कठिनाई होती है और इस कारण से क्षेत्र में कोई उद्योग स्थापित नहीं हो पाये हैं, जिसके कारण इस क्षेत्र का विकास नहीं हो पा रहा है जिससे सिवनी जिला विकास के मामले में अन्य जिलों के मुकाबले पिछड़ गया है तथा इस कारण से बेरोजगारी की समस्या भी बढ़ रही है । इस क्षेत्र के लोग पिछले कई वर्षों से इस सिवनी - छिंदवाड़ा की इस रेल लाइन को बड़ी लाइन में परिवर्तित करने की मांग कर रहे हैं मेरा माननीय रेल मंत्री से आग्रह है कि प्रदेश के इस पिछड़े एवं आदिवासी क्षेत्र की वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखते हुए इस रेल लाइन को बड़ी लाइन में परिवर्तन करने के आदेश देने की कृपा करें ।